# कार्यालय जिलाधिकारी, सुल्तानपुर

**जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के कार्यो की दिनांक 03.08.2026 को सम्पन्न समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त**

बैठक मे निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारी/एजेसियों के फर्म प्रतिनिधि उपस्थित थे।

1. श्री विनय कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, सुलतानपुर।
2. श्री वकार हुसैन, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), सुलतानपुर।
3. श्री दद्न सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, सुलतानपुर।
4. श्री अभिषेक शुक्ला, जिला पंचायत राज अधिकारी, सुलतानपुर।
5. श्री प्रदीप कुमार छाबड़ा, जूनियर इंजीनियर, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), सुलतानपुर।
6. श्री सुनील मौर्या, प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक गाजा (जे०वी०), सुलतानपुर।
7. श्री अंकित उपाध्याय, परि०प्रव०, मेसर्स गायत्री रैमकी (जे०वी०), सुलतानपुर।
8. श्री तारकेश्वर गुप्ता, प्लानिंग इंजीनियर, मेसर्स गायत्री रैमकी (जे०वी०), सुलतानपुर।
9. श्री हरेन्द्र भाम्भू परि०प्रब० मेसर्स यू०एम०पी०ई०एस०एल०, सुलतानपुर।
10. श्री शिवमूर्ति सिंह, डी०सी० डी०पी०एम०यू० आरवी एसोसिएट्स, सुलतानपुर।
11. श्री संदीप केसरवानी, ब्लाक इंजीनियर, दूबेपुर, मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक गाजा (जे०वी०), सुलतानपुर।
12. श्री किश्नेंदु ठाकुर, ब्लाक हेड, कादीपुर, मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक गाजा (जे०वी०), सुलतानपुर।
13. श्री सुमित श्रीवास्तव, प्रोजेक्ट इंजीनियर, मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक गाजा (जे०वी०), सुलतानपुर।
14. श्री राम कृष्णा, जी0आई0एस0, डी०पी०एम०यू० आरवी एसोसिएट्स, सुलतानपुर।
15. श्री नीतेश राय, प्रोजेक्ट मैनेजर, फाइनेंश, डी०पी०एम०यू० आरवी एसोसिएट्स, सुलतानपुर।
16. श्री अनिल शाह, डी0पी0एम0, मेसर्स फिचनर, टी0पी0आई0, सुलतानपुर।
17. श्री विशाल, इंजीनियर, डी०पी०एम०, मेसर्स टी०पी०आई०, सुलतानपुर।

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण, सुलतानपुर से थर्ड पार्टी एजेन्सी, डी0पी0एम0यू0 टीम व जल निगम मे कार्यरत इंजीनियर/कर्मचारियो की जानकारी चाही गयी जिस पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में थर्ड पार्टी इंन्पेक्शन टीम (फिचनर इण्डिया) की 09 मैनपावर जनपद में कार्यरत है, डी0पी0एम0यू0 टीम (आरवी एसोसिएट्स) में 07 मैनपावर कार्यरत है व जल निगम(ग्रामीण) में 09 जूनियर इंजीनियर (02 जल निगम एवं 07 राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन) एवं 01 सहायक अभियन्ता कार्यरत है तथा आपरेशन एवं मेन्टनेन्श कार्य हेतु थर्ड पार्टी एजेन्सी मेधज टेक्नो कॉन्सेप्ट प्रा0लि0 में 10 मैनपावर कार्यरत है तथा समस्त फर्मो के ब्लाक स्तर पर ब्लाक हेड व इंजीनियर भी लगे हुये है।

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण, सुलतानपुर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 06 स्थलों पर भूमि विवाद है जिसमें तहसील–कादीपुर में 03, सदर तहसील में 02 व जयसिंहपुर तहसील में 01 में स्थल कैम्पस में भूमि विवाद लंबित है। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा उपजिलाधिकारी तहसील–कादीपुर/सदर/जयसिंहपुर को ऑनलाइन ज्वाइन कर एक सप्ताह मे निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया व श्री शिवमूर्ति सिंह, डी0सी0–डी0पी0एम0यू0, श्री किश्नेदु ठाकुर, ब्लाक हेड–कादीपुर, श्री नीतेश सिंह, ब्लाक हेड, जयसिंहपुर व श्री संदीप केसरवानी, ब्लाक इंजीनियर, दूबेपुर को निर्देशित किया गया कि उपजिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर भूमि विवाद को एक सप्ताह में निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण, सुलतानपुर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 1707 आबाद राजस्व ग्राम है. जिसमें से 70 राजस्व ग्राम 40 नग पुरानी पाइप पेयजल योजनाओ मे सम्मिलित है एवं 1637 राजस्व ग्राम जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 658 नग पाइप पेयजल योजनाओं में सम्मिलित है। पुरानी पाइप पेयजल योजनाओ पर संचालन एवं अनुरक्षण की धनराशि न होने के कारण योजनायें बंद/आशिक जलापूर्ति में है। वर्तमान में ग्राम पंचायत मुरैनी, कुडवार, सूरजभानपट्टी, मल्हीपुर, मनियारपुर एवं गोपालपुर सराय ख्वाजा में आंशिक/पूर्ण रूप से पेयजल योजना संचालित है। पुरानी पाइप पेयजल योजनाओं के अनुरक्षण एवं संचालन हेतु जल निगम मुख्यालय स्तर से निविदा आमंत्रित कर जनपद सुलतानपुर मे मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी को नामित किया गया है। मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ के पत्रांक 1525/011–O&M DPR/26 दिनांक 15.07.2026 द्वारा जनपद सुलतानपुर के 38 नग पाइप पेयजल योजनाओं के मरम्मत हेतु धनराशि निर्गत की गई है एवं 02 नग योजनायें ऑनगोइंग लेवल पर है जिसमें से एक का कार्य पूर्ण है व एक योजना मे पाइप टेस्टिंग का कार्य कराया जा रहा है। मेसर्स यूनिवर्सल द्वारा पुरानी पाइप पेयजल योजनाओं पर अनुरक्षण एवं संचालन का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है, जिसमें पम्प मरम्मत, पाइप लाइन मरम्मत एवं नये गृह संयोजन देने का कार्य प्रगति पर है।

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत फेज–02 एवं फेज–03 में कुल तीन फर्मों को पाइप पेयजल योजना के निर्माण हेतु नामित किया गया है। जिनके द्वारा कुल 658 नग पाइप पेयजल योजनाओं का निर्माण कराया जा रहा है। योजनाओं की प्रगति का विवरण निम्नानुसार है–

➤ मेसर्स गायत्री रैमकी (जे०बी०) जनपद सुलतानपुर मे फेज 02 के अन्तर्गत 67 राजस्व मे 49 नग पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है प्रगति निम्नानुसार है–

| क्र० सं० | प्रस्तावित कार्य | लक्ष्य | कार्य पूर्ण की स्थिति दिनांक 19.06.2026 | कार्य पूर्ण की स्थिति दिनांक 03.08.2026 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शिरोपरि जलाशय | 49 नग | 29 नग | 31 नग |
| 2 | नलकूप | 70 नग | 70 नग | 70 नग |
| 3 | पम्पहाउस | 70 नग | 67 नग | 67 नग |
| 4 | सोलर अधिष्ठापन | 70 नग | 46 नग | 47 नग |
| 5 | पाइप लाइन | 1065 कि0मी0 | 1061 कि0मी0 | 1061 कि0मी0 |
| 6 | एफ०एच०टी०सी० कनेक्शन | 35859 नग | 35258 नग | 35430 नग |
| 7 | पूर्ण/O&M योजनाओं की संख्या | 49 नग | 08 नग | 10 नग |
| 8 | जलापूर्ति हो रही ग्रामों की सख्या | 67 ग्राम | 40 ग्राम | 46 ग्राम |
| 9 | हर घर जल सर्टिफिकेशन | 67 ग्राम | 18 ग्राम | 18 ग्राम |

मेसर्स गायत्री रैमकी जेवी के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री अंकित उपाध्याय से जनपद मे फर्म द्वारा धीमी प्रगति से कार्य कराने के सदर्भ में जानकारी चाही गई जिस पर प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा सितम्बर, 2026 तक उच्च जलाशय का कार्य पूर्ण करने हेतु पूर्व में अवगत कराया गया है, जिस पर फर्म द्वारा कार्य कराया जा रहा है माह सितम्बर, 2026 तक उच्च जलाशय का कार्य पूर्ण कराया जायेगा। प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा एकल ग्राम पेयजल योजनाओं का भुगतान किया जा रहा है। धनराशि की कमी नहीं है परन्तु मेसर्स मिलेनियम द्वारा जनपद स्तर पर पर्याप्त धनराशि नहीं दी जा रही है जिसके कारण कार्य प्रभावित हो रहे है। प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि 10 नग योजनायें पूर्ण एवं 4 नग पेयजल योजनायें 90–99 प्रतिशत के मध्य है व 19 नग योजनायें 70–89 प्रतिशत के मध्य है। 90–99 प्रतिशत के मध्य योजनाओं को माह अगस्त 2026 में ही पूर्ण करा लिया जायेगा। फर्म को निर्देश दिये गये कि 75 प्रतिशत से अधिक भौतिक प्रगति वाली योजनाओं को प्राथमिकता पर 02 माह में पूर्ण करायें व 90–99 प्रतिशत वाली 04 नग योजनाओं को माह अगस्त, 2026 तक पूर्ण करायें।

➤ मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा (जे०वी०) जनपद सुलतानपुर मे फेज–03 के अन्तर्गत 1260 राजस्व मे 482 नग पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है प्रगति निम्नानुसार है–

| क्र० सं० | प्रस्तावित कार्य | लक्ष्य | कार्य पूर्ण की स्थिति दिनांक 19.06.2026 | कार्य पूर्ण की स्थिति दिनांक 03.08.2026 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शिरोपरि जलाशय | 484 नग | 95 नग | 106 नग |
| 2 | नलकूप | 515 नग | 514 नग | 514 नग |
| 3 | पम्पहाउस | 515 नग | 488 नग | 488 नग |
| 4 | सोलर अधिष्ठापन | 515 नग | 395 नग | 395 नग |
| 5 | पाइप लाइन | 10431 कि0मी0 | 10371 कि0मी0 | 10371 कि0मी0 |
| 6 | एफ०एच०टी०सी० कनेक्शन | 249595 नग | 240227 नग | 243626 नग |
| 7 | पूर्ण/O&M योजनाओं की संख्या | 482 नग | 37 नग | 40 नग |
| 8 | जलापूर्ति हो रही ग्रामों की सख्या | 1260 ग्राम | 210 ग्राम | 222 ग्राम |
| 9 | हर घर जल सर्टिफिकेशन | 1260 ग्राम | 89 ग्राम | 95 ग्राम |

फर्म विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा जेवी, नोएडा द्वारा जनपद के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री सुनील मौर्या से कार्यो को कब तक पूर्ण कराया जायेगा के सम्बन्ध में जानकारी चाही गई। जिस पर प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि पिछली बैठक से 11 नग उच्च जलाशयों का कार्य पूर्ण कराया गया है व 34 नग उच्च जलाशयो पर जिंक एलम टैंक अधिष्ठापित कर दिया गया है जिसकी हाइड्रोटेस्टिंग किया जाना है। 90–99 प्रतिशत में 89 पाइप पेयजल योजनाओं के संदर्भ में प्रोजेक्ट मैनजर द्वारा अवगत कराया गया कि पाइप लाइन, हाउस कनेक्शन इत्यादि कार्य पूर्ण है। ग्राम के समस्त मजरों में नियमित जलापूर्ति करने हेतु मैनपावर बढ़ा दी गयी है व कैम्पस डेवलपमेंट की टीम बढाई जा रही है। भारत सरकार द्वारा दी गयी टाइम लाइन मे कार्यो को पूर्ण कराया जायेगा।

**जल जीवन मिशन कार्यों की प्रगति बढ़ाने हेतु निम्नानुसार निर्देश दिये जाते है–**

1. अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम ग्रामीण, सुलतानपुर को निर्देशित किया गया है कि एक गूगल शीट बनवाकर तीनों फर्मो से योजनावार उच्च जलाशय, हाउस कनेक्शन, सोलर, पम्पहाउस व अन्य कार्यों की अद्यतन स्थिति का अंकन करायें जिससे योजनावार वास्तविक स्थिति ज्ञात हो सके।

2. फर्म को निर्देश दिये गये कि पाइप लाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त मार्गों को पुर्नस्थापित करने हेतु प्रत्येक पेयजल योजनाओ/ग्रामों मे सड़क पुर्नस्थापना मे प्रयुक्त होने वाली सामाग्रियो को पेयजल योजनावार आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए यथाशीघ्र पुर्नस्थापित कराया जाना सुनिश्चित करेगे।

3. अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम ग्रामीण, सुलतानपुर को निर्देशित किया गया कि जिन योजनाओं की प्रगति 90 प्रतिशत से अधिक है उन योजनाओं को तीनों फर्मो के माध्यम से एक माह में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। फर्मो द्वारा कार्य पूर्ण न करने की स्थिति में फर्मो के विरूद्ध अर्थदण्ड लगाने व कॉली सूची में डालने की कार्यवाही करवायें।

4. कार्यदायी फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि जिन योजनाओं में कार्य पूर्ण है एवं नियमित जलापूर्ति की जा रही व आशिक कार्य शेष है उनको शीघ्र पूर्ण कराते हुये योजनाओं को अनुरक्षण एवं संचालन में ले जाना सुनिश्चित करे।

5. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण व कार्यदायी फर्मो के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि योजनाओं में पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करें तथा प्रत्येक माह नियमित रूप से जल गुणवत्ता की जाँच कराये।

6. तीनों फर्मो के प्रोजेक्ट हेड को निर्देशित किया गया कि नेशनल जल जीवन मिशन द्वारा एकल ग्राम पाइप पेयजल योजना एवं बहुल्य ग्राम पाइप पेयजल योजनाओं को पूर्ण करने हेतु जो तिथि निर्धारित की गई है उसी तिथि में योजनाओं के कार्यों को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

7. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), सुलतानपुर को निर्देशित किया गया कि भूमि अनुउपलब्धता व भूमि विवाद निस्तारण हेतु सम्बन्धित उपजिलाधिकारियो को पत्र प्रेषित करायें।

8. अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, सुलतानपुर को निर्देशित किया गया कि जिन योजनाओं मे UPEIDA से NOC प्राप्त नहीं हुई है उन योजनाओं पर NOC प्राप्त करने हेतु UPEIDA को पत्र प्रेषित करवायें।

9. अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, सुलतानपुर को निर्देशित किया गया कि मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा जेवी/मेसर्स गायत्री रैम्की जेवी विरुद्ध योजनाओं की धीमी प्रगति पर नोटिस जारी करायें।

Digitally signed by
INDERJIT SINGH
Date: 14-08-2026
16:52:08

(इन्द्रजीत सिंह)
जिलाधिकारी,
सुलतानपुर।

पृ०सं० 4971 / W-30 / 44 दिनांक 14/08/2026

प्रतिलिपि:–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3. मुख्य विकास अधिकारी, सुलतानपुर।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या कैम्प–सुलतानपुर।
5. उपजिलाधिकारी तहसील–सदर/जयसिंहपुर/कादीपुर, सुलतानपुर।।
6. जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, सुलतानपुर।
7. जिला पंचायत राज अधिकारी, सुलतानपुर।
8. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), सुलतानपुर।
9. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि०/यां०), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या।
10. मेसर्स फिचनर–टी०पी०आई०, सुलतानपुर।
11. डिस्ट्रिक्ट को ऑर्डिनेटर, डी०पी०एम०यू० आरवी एसोसिएट्स, सुलतानपुर।
12. श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह, परि०प्रब०, मेसर्स विध्या टेलीलिंक–गाजा (जे०वी०), सुलतानपुर।
13. श्री हरेन्द्र भाम्बू परि०प्रब०, मेसर्स यू०एम०पी०ई०एस०एल० सुलतानपुर।
14. श्री अंकित उपाध्याय, परि०प्रब०, मेसर्स गायत्री रैमकी (जे०वी०), सुलतानपुर।

जिलाधिकारी,